NDRF और OCW के संयुक्त अभियान से टला बड़ा खतरा

शुरू होने से पहले ही विवादों में गोधनी जलशुद्धिकरण केंद्र

नागपुर. महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) द्वारा निकट भविष्य में संचालित होनेवाले गोधनी स्थित 6 MLD क्षमता वाले जल शुद्धीकरण प्रकल्प में रविवार की मध्यरात्रि उस समय एक भयानक घटना घटी, जब वहां अचानक क्लोरीन गैस का रिसाव होने लगा. इस रिसाव के कारण आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और गैस की चपेट में आने से लगभग 72 ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. विशेषत: गोधनी स्थित यह जलशुद्धिकरण अभी शुरू भी नहीं हो पाया था, कि अचानक क्लोरिन टैंक में रिसाव से विवाद शुरू हो गया है.

घने धुएं से बचाव कार्य में आई बाधा: जानकारी के अनुसार यह जानलेवा रिसाव 900 किलो वजन वाले एक स्टैंडबाय क्लोरीन सिलेंडर से शुरू हुआ था. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय की टीमों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला. हालांकि, इलाके में क्लोरीन गैस का इतना घना धुआं फैल गया था कि बचाव दलों को गैस रिसाव के मुख्य स्रोत तक सुरक्षित रूप से पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था.

ओसीडब्ल्यू की तकनीकी टीम ने संभाला मोर्चा: स्थिति को बेकाबू होता देख तड़के लगभग 2 बजे मानकापुर पुलिस और DISH के अधिकारियों ने ऑरेंज सिटी वाटर (ओसीडब्ल्यू) से आपातकालीन तकनीकी सहायता का अनुरोध किया. सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए OCW की एक विशेष और प्रशिक्षित टीम मात्र 15 मिनट में यानी रात 2.15 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई. ह्यष्ट्रड्ड की टीम ने समय न गंवाते हुए तुरंत NDRF और महानगर पालिका के अग्निशमन दल के साथ मिलकर रिसाव को रोकने के लिए संयुक्त अभियान शुरू किया.

खतरे के बीच तैयार की न्यूट्रलाइजेशन टैंक

बचाव अभियान के सबसे महत्वपूर्ण चरण में OCW के दो बेहद अनुभवी क्लोरीन ऑपरेटरों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए % सेल्फ-कंटेन्ड ब्रीदिंग एपरेटस (SCBA) पहने और NDRF के जवानों के साथ गैस से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र में प्रवेश किया. उन्होंने रिसाव के सटीक स्रोत का पता लगाने में अहम मदद की. हवा में फैले क्लोरीन के जहरीले प्रभाव को बेअसर करने के लिए, टीम ने तुरंत गोरेवाड़ा जल शुद्धीकरण केंद्र से कास्टिक सोडा (NaOH) मंगवाया और घटनास्थल पर ही एक न्यूट्रलाइजेशन टैंक तैयार किया. इस विशेष टैंक में लीक हो रहे विशाल सिलेंडर को डुबो दिया गया, जिसके बाद क्लोरीन का रिसाव पूरी तरह से और सफलतापूर्वक रुक गया.

सुबह 4 बजे तक स्थिति पर पाया गया काबू

तड़के 4 बजे तक बचाव दलों ने स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रण में ले लिया और भविष्य के किसी भी खतरे को टालने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए. इस घटना ने रासायनिक आपात स्थितियों से निपटने के दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और विशेष तकनीकी कौशल के महत्व को साबित कर दिया है. OCW द्वारा सही समय पर दी गई तकनीकी मदद और उनके प्रशिक्षित कर्मचारियों के कारण ही NDRF, NMC अग्निशमन दल, DISH और पुलिस प्रशासन इस बड़ी त्रासदी को रोकने में सफल रहे.

क्लोरीन रिसाव : 19 वर्षीय युवक की हालत गंभीर

मेयो में 16 लोग भर्ती, 2 आईसीयू में?, 2 बच्चे भी शामिल

नागपुर, महानगर संवाददाता. गोधनी में क्लोरिन गैस रिसाव में घायल हुये 16 लोगों को इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल में रेफर किया गया. सभी का उपचार चल रहा है. फिलहाल हालत स्थिर बनी हुई है. अधिष्ठाता डा. रवी चव्हाण ने बताया कि घायलों में 9 पुरुष, 5 महिला और 2 बच्चों का समावेश है?. इनमें से 3 लोगों को आईसीयू में भर्ती किया गया. एक 19 वर्षीय युवक को परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल लेकर गये. इस संबंध में क्रिम्स किंग्स वे अस्पताल की ओर से बताया गया कि 19 वर्षीय युवक को भर्ती किया गया. उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है. मरीज की गंभीर श्वसन स्थिति को देखते हुए उसे लगातार निगरानी में रखा गया है और उन्नत क्रिटिकल केयर उपचार दिया जा रहा है. वेंटिलेटरी सपोर्ट के साथ ही हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग भी की जा रही है. एक बहु-विषयक क्रिटिकल केयर टीम मरीज की श्वसन स्थिति, उपचार के प्रति प्रतिक्रिया और समग्र स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रही है. उपचार कर रही टीम में डॉ. राजन बारोकर, वरिष्ठ क्रिटिकल केयर फिजिशियन, डॉ. वीरेंद्र बेलेकर, वरिष्ठ क्रिटिकल केयर फिजिशियन का समावेश है।

सीएम के जेन-जी कार्यक्रम पर रोहित पवार का हमला

भीड़ जुटाने का लगाया आरोप

राहुल से खुद जुड़े जेन-जी, फडणवीस ने जुटाई भीड़

नागपुर. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आयोजित जेन-जी कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पुणे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम छात्रों की स्वयंस्फूर्त उपस्थिति वाला था, वहीं नागपुर में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाई गई थी. सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में रोहित पवार ने कहा कि कार्यक्रम में पहले से तय (स्क्रिप्टेड) प्रश्नों के ही उत्तर दिए गए. यदि आम नागरिकों को सीधे संवाद का मौका दिया जाता, तो नागपुर में बीते तीन महीनों में हुए 32 हत्या के मामलों पर सवाल पूछे जाते.

गृह मंत्री की जवाबदेही

मुख्यमंत्री के पास ही गृह मंत्रालय का प्रभार है, इसलिए उन्हें इन आपराधिक घटनाओं पर की गई कार्रवाई का जवाब देना चाहिए. पवार ने तंज कसते हुए कहा कि भीड़ को आकर्षित करने के लिए क्रिकेटर तिलक वर्मा को बुलाया गया था या नहीं यह आयोजक ही जानें. उन्होंने कहा कि बीजेपी अब राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रमों की नकल करने की कोशिश कर रही है.

कागजों पर न रहे फायर ऑडिट

अमरावती के एक अस्पताल में आग लगने से तीन मासूम बच्चों की मौत की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए रोहित पवार ने कहा कि राज्य के हर अस्पताल का नियमित फायर ऑडिट% होना अनिवार्य है. केवल कागजों पर ऑडिट दिखाकर खानापूर्ति करने से काम नहीं चलेगा. इस हादसे के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.

चीनी की बढ़ती कीमतों के पीछे सट्टेबाज

चीनी की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी पर पवार ने स्पष्ट किया कि चीनी मिलों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. सरकार द्वारा तय किए गए कोटे के अनुसार ही मिलें बिक्री करती हैं. इसलिए बाजार में चीनी की कमी की बात गलत है. चीनी की कीमतों के पीछे सट्टेबाजी जिम्मेदार है और सरकार को ऐसे सट्टेबाजों की पहचान कर उन पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

एक नजर में

एक कुर्सी पुरुष के नाम का आयोजन आज

बैतूल। एसआईएफ बैतूल द्वारा एक कुर्सी मर्द के नाम अभियान का दूसरा आयोजन आज 25 अगस्त को सारणी में किया जाएगा। इससे पहले अभियान का आयोजन आमला में किया जा चुका है। कार्यक्रम का उद्देश्य पुरुषों की सुरक्षा, अधिकार, न्याय एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के साथ सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। आयोजकों के अनुसार, पारिवारिक विवाद, झूठे केस, मानसिक तनाव या अन्य गंभीर समस्याओं से परेशान पुरुषों और उनके परिवारों तक सहायता एवं उचित मार्गदर्शन पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। एसआईएफ बैतूल ने अपील की है कि आसपास कोई पुरुष जो झूठे केस में फसा है या कोई महिला उन्हें झूठे केस में फसाने की धमकी जैसी समस्या से जूझ रहा हो तो उसे अकेला न छोड़ें और कार्यक्रम में अपने साथ लेकर आएं। कार्यक्रम 25 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे जय स्तंभ चौक, सारणी में आयोजित होगा।

डॉ .कीर्ति सिंह इंडियन आइकॉन से सम्मानित

बैतूल। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्ञान उदय फाउंडेशन, कोटा राजस्थान द्वारा देश के प्रख्यात कलाकारों को सम्मानित किया गया। जिसमें बैतूल निवासी और वर्तमान में शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातक स्वशासी महाविद्यालय भोपाल, में प्रो. व ललित कला विभाग फाइन आर्ट के विभागाध्यक्ष डॉ .कीर्ति सिंह को चित्रकला में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ .सिंह की देश के लगभग 25 शहरों और गांवों में चित्र एवं मूर्तियां लगी हैं। इन्होने विदेशों में भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसके कारण इन्हें कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इनके निर्देशन में अभी तक 3 छात्र -छात्राएं पीएचडी अवार्ड हों चुके हैं। कीर्ति वर्तमान में स्वतंत्रता, सेनानी, शहीदों की मूर्तियां तराश रहे है। डॉ .सिंह की उपलब्धि पर बैतूल के कला प्रेमियों ने बधाई दी है।

स्व .भूसारी की स्मृति में दिए 61 हजार रूपए

बैतूल। परिवार के अलावा समाज के प्रति व्यक्ति का फर्ज होता है। कृषि उपज मंडी पूर्व अध्यक्ष स्व .मिश्रीलाल भुसारी हमेशा अपनी सादगी, समाज कल्याण और दान के लिए जाते थे। उनकी स्मृति में भूसारी परिवार के श्रीमती शिवरती भुसारी, संजय भुसारी, अजय भुसारी, अनिल भुसारी, आशीष भुसारी ने 61 हजार की सहयोग राशि भगवान सहस्त्रबाहु की मूर्ति के लिए दान दिए।

गणेश मठ का निर्माण कार्य बंद होने से खुले आसमान के निचे मनाना पड़ा रहा गणेश उत्सव

विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,24 अगस्त, नगर के अति प्राचीन गणेश मठ का निर्माण कार्य बंद होने से गणेश उत्सव के दौरान मजबूरन बीते दो वर्षों से खुले आसमान के नीचे गणेश प्रतिमा की स्थापना करनी पड रही है,जिससे भक्तगणों की आस्था आहत हो रहीं है,इस मठ का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हर्षद गोलू केवटे के नेतृत्व में एसडीएम को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा।

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हर्षद केवटे के नेतृत्व में सोमवार को परिषद के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने एसडीएम अलका एक्का को एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा बताया कि नगर के गणेश वार्ड में एक हजार वर्ष पुराने प्राचीन गणेश मठ जर्जर होने पर इसे गिराते हुए इसी स्थान पर गणेश मठ का निर्माण कार्य किया जा रहा है,लेकिन यह निर्माण कार्य बीते दो वर्षों से बंद होने से मजबूरन समिति को इसी स्थान पर गणेश उत्सव के दौरान खुले आसमान के नीचे गणेश प्रतिमा स्थापीत कर गणेशोत्सव मनाना पड रहा है,जिससे भक्तगणों की आस्था आहत हो रहीं है।

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने इस गणेश मठ का बंद पडा कार्य शीघ्र ही शुरू कराने की मांग की है,इस आशय का पत्र सौपते समय बडी संख्या में पदाधिकारी तथा सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शानौ-शौकत से मनाया जाएंगा ईद मिलादुन्नबी

नवभारत न्यूज,
बड़चिचोली,24 अगस्त, जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम परंपरा अनुसार बड़े ही शानौ शौकत से मनाने मुस्लिम अनुयायियों द्वारा जोर -शोर से तैयारियां की जा रहीं है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम अनुयायियों के त्यौहार जश्ने ईद मिलादुन्नबी परंपरा के अनुसार मनाने को लेकर बीते एक पखवाड़े से ही जोर शोर से तैयारियों में जुट गए है,देश के अन्य क्षेत्रों की तरह ही बड़चिचोली की सुन्नी जामा मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया है,आकर्षक

लाइटिंग,मनमोहक साज-साज देखते ही बन रहीं है। इस कार्यक्रम को मनाने को लेकर सुन्नी जामा मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों के साथ ही समाज के अनुयायी सक्रियता से कार्य कर रहें है,वहीं सभी में इसका उत्साह देखते ही बन रहा है।

उर्स और सामूहिक विवाह के चलते ट्रैफिक डायवर्ट

बैतूल। बैतूल के ग्राम उमरी दरगाह में आज 25 अगस्त को उर्स और दोपहर बाद सामूहिक विवाह समारोह होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था लागू की है। बैतूल शहर से करीब 9 से 10 संदल उमरी दरगाह के लिए रवाना होंगे। शहर में इनके भ्रमण और जुलूस के दौरान कुछ मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो सकता है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क या मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े न करें। वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करें, ताकि संदल के साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य जरूरी वाहनों के लिए रास्ता खुला रहे। कार्यक्रम के दौरान हमलापुर जोड़ से बरसाली होते हुए आमला की ओर जाने वाले मध्यम और भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। आमला से बैतूल आने वाले ऐसे वाहनों को भी बरसाली से पंखा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा। पुलिस ने वाहन चालकों से बैरिकेडिंग, डायवर्शन और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की है। साथ ही अपील की है कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें।

युवाओं के प्रश्नों का उत्तर देकर की जिज्ञासा शांत

मुलताई। नगर के पारेगांव रोड स्थित लान में रविवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे निखलेश महेश्वरी प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती द्वारा युवाओं के प्रश्नों का समाधान किया जिनमें बहुत सारे युवाओं ने प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा सरकार के विरोध में सीजेपी द्वारा जंतर मंतर पर देश विरोधी गतिविधि यह देश के युवा के लिए बहुत घातक राष्ट्र के उन्नति में बाधक है,संस्कारहीन युवकों को देश और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए बल्कि विपक्ष और देश विरोधी पार्टी से युवा भटके हुए से दिग्भ्रमित हो रहे हैं युवक सही दिशा में मार्गदर्शन और अपने शिक्षा का सही उपयोग करें तो देश उन्नति के शिखर पर पहुंच जाएगा, जब तक राष्ट्र प्रेम और देश प्रेम की भावना नहीं जागेंगी, जब तक युवा अपने आधारभूत परंपरा संस्कृति और देश को उन्नत नहीं कर सकता।मंच पर विराजमान महाविद्यालय प्रमुख गौरव साबले एवं सौरभ उपाध्याय विभाग समन्वयक नर्मदा पुरम भी उपस्थित रहे। इस दौरान इंजीनियर ,चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, प्रोफेसर, उद्यमी सभी ने अपने अलग अलग प्रश्न किए।लिस दौरान अभिषेक सबले, प्रणव पवार,सूरज ने जिज्ञासा शांत की।

मंदिरो के कलश तथा किसानो के खेत से मोटर पंप चोरी

मुलताई। मुलताई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामो से किसानो के खेत से मोटरपम्प, केबल एवं मंदिरो में चोरी की घटनाए लगातार हो रही है। लेकिन पुलिस चोरो को पक ?ने में नाकाम नजर आ रही है। रविवार की रात को परमंडल के किसान लक्ष्मण बोरबन के खेत में स्थित मकान में रखी 3 एवं 5 हार्स पावर की पानी की. मोटर चोरो कर ली।जिसकी शिकायत किसान ने थाने में की है। वहीं सरपंच, जनपद सदस्य सहित किसानो द्वारा थाने में ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत परमण्डल मे शिव मंदिर हनुमान मंदिर और काली मंदिर तीनो मंदिर पर तांबे का कलश लगे हुए है जो की अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिए। वहीं सर्रा रोड पर स्थित ग्राम पंचायत परमण्डल के ट्यूबवेल से 150 फिट केबल चोरी कर लिया तथा रविवार की रात लक्ष्मण बोरबन के खेत का दरवाजा तोडकर दो मोटर एक 3 एवं 5 एचपी चोरी एवं अर्थफेस कर लिया। इसी तरह जौलखेडा रोड पर स्थित किशोरी पिंजारे के खेत का दरवाजा तोडकर मोटर चोरी कर ली। इस घटना से किसानो में असुरक्षा की भावना और अत्यधिक बढ गई है। किसानो का कहना है मोटर पम्प एवं बिजली केबल चोरी होने से किसानो को दोहरा नुकसान उठाना पड रहा है।

विद्या आनंद चिल्ड्रन एकेडमी ने लहराया परचम

बैतूल। खेल प्रतिभाओं के क्षेत्र में आठनेर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था विद्या आनंद चिल्ड्रन एकेडमी ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। आमला में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला आमला और विद्या आनंद चिल्ड्रन एकेडमी आठनेर के बीच खेला गया, जिसमें कप्तान हिमांशी निरापूरे के नेतृत्व में विद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। प्रतियोगिता में बालिका अंडर-17 तथा बालक अंडर-14 वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। टीम की सफलता खिलाड़ियों की मेहनत के साथ विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक आसिफ खान के कुशल नेतृत्व, समर्पण और मार्गदर्शन को भी रेखांकित करती है। खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में शानदार तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। ऐतिहासिक जीत पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋतु चौबे ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

हर-हर महादेव के जयघोष के साथ निकली समरसता कावड़ यात्रा

आठनेर। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आठनेर नगर में भक्ति, आस्था और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। कोलगांव स्थित ताप्ती तट से गुप्तेश्वर धाम तक निकली समरसता कावड़ यात्रा में सर्व समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में कावड़ और हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयघोष के साथ कावड़िए नगर की सड़कों से गुजरे तो पूरा वातावरण शिवमय हो गया। यात्रा का शुभारंभ कोलगांव ताप्ती तट से हुआ। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर पवित्र ताप्ती जल कावड़ में भरा और भगवान महादेव के जलाभिषेक के लिए यात्रा प्रारंभ की। जैसे-जैसे कावड़ यात्रा नगर की ओर बढ़ी, श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने कावड़ियों का स्वागत किया और पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। यात्रा का समापन गुप्तेश्वर धाम में हुआ, जहां कावड़ियों ने भगवान शिव के शिवलिंग पर ताप्ती जल अर्पित कर जलाभिषेक किया। इसके बाद आरती और प्रसादी का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। समरसता कावड़ यात्रा की सबसे खास बात यह रही कि इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी यात्रा में भागीदारी की। जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर सभी श्रद्धालु एक साथ भगवान शिव की आराधना करते नजर आए। यही वजह रही कि यात्रा ने धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया। आयोजकों के अनुसार यह कावड़ यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और हर वर्ष श्रद्धालुओं की भागीदारी एवं आयोजन का स्वरूप और अधिक व्यापक होता जा रहा है।

बैठक | मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों में अनुपस्थित जिला अधिकारियों के विरुद्ध होगी निलंबन की करवाई

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जनजातिय कार्य विभाग, परिवहन, जल संसाधन, वित्त विभाग और फॉरेस्ट, राजस्व, स्कूल शिक्षा, श्रम, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों को लंबित शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम स्तर पर लंबित सीएम

हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने बैतूल, चिचोली, आमला, प्रभात पट्टन के तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जनपद स्तरीय लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीइओ को मॉनिटरिंग कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो और संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से समन्वय कर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों में जिला अधिकारी रहे उपस्थित : कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में जिला अधिकारियों को विशेष रूप से उपस्थित होने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिविर में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारी को भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने संबंधित एसडीएम को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों की 2 दिन पूर्व से मुनादी कराने और शिविरों में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण चिन्हित कर सख्ती से हटाने के निर्देश

उन्होंने सभी एसडीएम को अतिक्रमण चिन्हित कर सख्ती से हटाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआरए के लंबित प्रकरणों पर भैंसदेही, बैतूल को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। वहीं वन व्यवस्थापन और धारणाधिकार प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने समय सीमा में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

अभिनंदन सरोवर में चलाया स्वच्छता अभियान

बैतूल। स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा सोमवार को शहर के अभिनंदन सरोवर में व्यापक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों और समाजसेवियों ने सरोवर परिसर में फैले कचरे, प्लास्टिक और अनुपयोगी सामग्री को एकत्र कर परिसर को स्वच्छ बनाया। अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ परिसर में औषधि युक्त पौधे लक्ष्मी तरु का सामूहिक रोपण भी किया। इस मौके पर मेरा युवा भारत जिला अधिकारी सुषमा गवली ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने मोहल्ले, विद्यालय और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि स्वच्छता हमारी दिनचर्या का एक विशेष अंग बने, यह बहुत जरूरी है। स्वच्छ शरीर, स्वच्छ मन और स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। समाजसेवी शैलेंद्र बिहारिया ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों और नागरिकों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलाई। धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के दसों ब्लॉकों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन, दीवार लेखन और भाषण प्रतियोगिता इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं और स्कूली बच्चों में स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।